भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रैस विज्ञप्ति

भाविप्रा ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ में पहली अंतरर्देशीय हवाई अड्डा लैब की मेज़बानी की ।

नई दिल्ली: - जुलाई 28, 2016: चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ पर श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य(मानव संसाधन), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 27.07.2016 को "संसाधनों के इष्टतम उपयोग से ग्राहक संतुष्टि में सुधार" विषय पर दो दिवसीय अंतरर्देशीय हवाई अड्डा लैब का उद्घाटन किया गया ।

इस हवाई अड्डा लैब का प्रमुख उद्देश्य भाविप्रा के अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्रोफेशनल्स (आईएपी) को एक साथ लाना है ताकि वे ग्राहक संतुष्टि के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सर्वोत्तम प्रथाओं पर विशेषज्ञता को फेस टू फेस सेटिंग में एक दूसरे के साथ साझा कर सकें । वैश्विक विमानन उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप भाविप्रा ने विमानपत्तन प्रबधंन के क्षेत्र में 100 कार्यपालकों को प्रशिक्षित किया है । इन कार्यपालकों को विमानपत्तन प्रबंधन व्यावसायिक अक्रेडिएशन कार्यक्रम (एएमपीएपी), जो एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) तथा अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (इकाओ) का एक संयुक्त कार्यक्रम है, को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्रोफेशनल (आईएपी) के रूप में पदनामित किया जाएगा । यह एक वर्षीय कार्यक्रम है तथा पिछले 4 वर्षों की अवधि में वरिष्ठ हवाई अड्डा कार्यपालकों द्वारा इसे पूर्ण किया गया ।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल द्वारा इन आईएपी हेतु समर्पित वेब फोरम (IAP Community@AAI) का भी उद्घाटन किया गया । जब कोई हवाई अड्डा किसी ऐसे मुद्दे का अनुभव कर रहा हो, जिसमें अन्य साथी समुदायों के विश्लेषण तथा इनपुट से लाभ हो, तो ऐसे मुद्दे को समस्या निवारण हेतु वेब फोरम पर डाला जा सकता है। यह एक रूप से हवाई अड्डे को फायदा पहुंचाएगा, जिसे विमानपत्तन प्रोफेशनल्स की एक विविधतापूर्ण टीम के नजरिये से लाभ मिलेगा । इस कार्य का उदेश्य अभिनव समाधान हेतु विमानपत्तन प्रोफेशनल्स के सामूहिक ज्ञान एवं समृद्ध अनुभव का उपयोग करना है।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री अग्रवाल जी ने कहा कि " समस्या का समाधान करने वाली यह लैब भाविप्रा के अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्रोफेशनल्स की विशेषज्ञता का उपयोग करने हेतु भाविप्रा की एक पहल है तथा मैं यह आशा करता हूं कि आईएपी अपने अनुभवों का उपयोग करते हुए लखनऊ हवाई अड्डे पर वैश्विक मानकों के अनुरूप यात्री सेवाओं में आगे सुधार हेतु अभिनव समाधानों के साथ आगे आएगें । उन्होने आगे बताया कि आईएपी वेब फोरम, वास्तविक समय वातावरण में आईएपी समुदाय के साथ सहयोग करके विभिन्न हवाई अड्डों पर चल रहे मुद्दों का समाधान करने की एक उत्कृष्ट पहल है।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) 011-24622787, 9811521881

संख्या 25/2016-17

श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (मध्य में), चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ में "संसाधनों के इष्टतम उपयोग से ग्राहक संतुष्टि में सुधार" विषय पर आयोजित अन्तर्देशीय हवाई अड्डा लैब में भाग लेने वाले वरिष्ठ अधिकारियों के साथ।